हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 25 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

मुख्यमंत्री से मिले प्रेस क्लब के पदाधिकारी, मिला मार्गदर्शन

2



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खाद की तय लिमिट ने बढा दी कृषकों की दिक्कतें

# खेती किसानी महंगी, जुताई से लेकर फसल कटाई तक की बढ़ी लागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेती किसानी करना साल दर साल महंगा होता चला जा रहा है। खेतो की जुताई, बुआई, मिंजाई एवं रोपा लगाने तक की लागत बढ रही है। ऊपर से खाद की तय लिमिट ने परेशानी और भी बढा दी है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चाम्पा जिले में बडे पैमाने पर धान की खेती की जाती है। साथ ही प्रदेश में सबसे अधिक सिंचित जिला भी माना जाता है। यहां 1 लाख 20 हजार से भी अधिक किसानो के द्वारा खेती का कार्य किया जाता है। अब साल दर साल खेती करना महंगा पड जा रहा है। खासकर मिंजाई, रोपाई, जुताई, बुआई का काम महंगा होता चला जा रहा है। जिसके कारण कृषको की परेशानी और भी बढ गई है। ऊपर से खाद की तय लिमिट ने परेशानी और भी बढा दी है। जिले के किसान प्रमुख रूप से खरीफ के सीजन में धान की पैदावार करते है। साथ ही साथ मुंगफली, चना, मटर, मौसरी, राहल की खेती भी किसान प्रमुख रूप से करते है। ताकि अपनी जीवन व्यवस्थित ढंग से चला सके। कई किसानो के पास खेती बाडी करने के लिए पर्याप्त मात्रा मे धन राशि नही होती है। जिसके कारण किसाना बैंको के माध्यम से लोन लेकर खेती किसानी भी करते है। ऐसे मे हर साल खेती करना महंगा होने के चलते कृषको की दिक्कते और भी बढ गई है। किसानों को खाद, बीज, बोआई सहित अन्य कार्यो के लिए अधिक राशि खर्च करनी पडेगी। पहले जहां प्रति एकड़ 15 से 17 हजार रुपए में खेती हो जाती थी, यह आंकड़ा अब बढ़कर 22 से 23 हजार रुपए तक हो गया है। रोपाई का काम पहले जहां 6 हजार में हो जाता था, वह बढ़कर 8 हजार रुपए तक जा पहुंचा है। इसी प्रकार पहले जहां दो बार की जुताई का खर्च 4 हजार में हो जाता है, वह बढ़कर 6 हजार तक जा पहुंचा है। इसी प्रकार फसल लगाने के लिए पानी, बिजली, मजदूरी खर्च 2 हजार रुपए तक हो जाता था। वह भी बढ़कर 4 से 5 हजार रुपए तक जा पहुंचा है। ऐसे में किसानों को अब धान सहित अन्य फसलों की पैदावार करने में अधिक खर्च करना पड़ रहा है। जांजगीर चांपा जिले में बडे पैमाने पर किसान धान की खेती करते है। इसे देखते हुए कृषि विभाग के द्वारा धान के अलावा दलहन तिलहन सहित अन्य फसलों की पैदावार करने पर 10 से 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। इसे लेकर कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है। ताकि फसल चक्र परिवर्तन का लाभ किसान ले सके।



ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई कार्य में लगा किसान।

### ईंधन के बढते दामों ने बढ़ाई परेशानी

पेट्रोल एवं डीजल के बढते दामों का असर खेती किसानी के कामों में भी दिख रहा है। खेती किसानी का कार्य ज्यादातर ट्रैक्टर से माध्यम से किया जाता है। अब ऐसे में ईंधन के दाम बढने से खेती किसानी के कार्य में बढोतरी देखी जा रही है। ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई का काम किया जाता है। जिसके चलते डीजल की जरूरत पडती है। इसी प्रकार ट्रैक्टर के माध्यम से लेई का काम किया जाता है। इसमें भी डीजल की जरूरत पड़ती है। बाजार में डीजल का दाम दो महीने के भीतर 8 रुपए प्रति लीटर बढ़ गया है। दो माह पहले 96.38 पैसे बिक रहा था। वहीं वर्तमान में डीजल की कीमत 101.45 रुपए से बिक रहा है। ऐसे में डीजल के दाम बढने से ट्रैक्टरों से जुताई का कार्य भी महंगा हो गया है।

### जैविक खेती पर जोर

वर्तमान समय पर किसान आधुनिक तौर पर खेती कर रहे है। जिसके कारण लागत अधिक आ रही है। इसी बात को ध्यान में रखकर किसानों को जैविक खेती पर कार्य करना चाहिए।

-आर.के. शर्मा
उप संचालक
कृषि विभाग जांजगीर

# जर्जर हो चुकी पानी टंकी का गिरा एक हिस्सा, लोगों में दहशत का माहौल

## नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत तुस्मा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

जर्जर हो चुके पानी टंकी का एक हिस्सा अचानक भर भराकर नीचे गिर गया। जिसके चलते ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। हालांकि घटना के समय पानी टंकी के आसपास कोई नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जिले के ग्राम पंचायत तुस्मा के आमा पारा मोहल्ले में स्थित जर्जर पानी टंकी ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। बरसात की शुरुआत के साथ तेज आंधी-तूफान के दौरान टंकी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि घटना के समय आसपास कोई ग्रामीण मौजूद नहीं था, जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया। लेकिन टंकी का शेष हिस्सा अब भी टूटने की स्थिति में है और कभी भी गिर सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि घर के अंदर में बैठे थे तभी अचानक से बम फूटने जैसे आवाज आई। घर से बाहर निकलकर देखा तो पता चला कि पानी टंकी का बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे गिर गया था। ग्राम पंचायत तुस्मा के आमा पारा मोहल्ले में स्थित पुरानी पानी टंकी का एक बड़ा टुकड़ा तेज हवा और बारिश के कारण टूटकर नीचे गिर गया। घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। टंकी को तोड़ने की प्रक्रिया के दौरान लगाए गए बांसों में टंकी का एक बड़ा हिस्सा अब भी लटका हुआ है। यह स्थिति और भी खतरनाक मानी जा रही है क्योंकि किसी भी समय यह हिस्सा नीचे गिर सकता है। बारिश और तेज हवाओं के कारण जर्जर संरचना कमजोर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को फोन के माध्यम से देने का प्रयास किया, लेकिन उनकी ओर से कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। फिलहाल जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद लोगों को शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद है।



बास बल्ली के सहारे टिकी टंकी।

### कलेक्टर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आश्वासन दिया है कि जर्जर पानी टंकी को जल्द से जल्द ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। ग्राम पंचायत तुस्मा के आमा पारा मोहल्ले में जर्जर पानी टंकी अब लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। टंकी का हिस्सा गिरने के बाद भी शेष संरचना का असुरक्षित बने रहना प्रशासन और संबंधित विभागों के लिए चिंता का विषय है। फिलहाल जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद लोगों को शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद है।

### कराया जा चुका अवगत

जर्जर हो चुके पानी टंकी की समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। कार्रवाई उन्हीं के तरफ से की जानी है।

-सुष्मिता साहू,
सरपंच
ग्राम पंचायत तुस्मा

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख के गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** ढाई लाख रुपए कीमती गांजा के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम धुरकोट का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धुरकोट के पास घेरा बंदी कर पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देख भागने के फिराक में था, जिसे पुलिस टीम के द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम घसियाराम साहू निवासी शिवरीनारायण बताया। जिसके कब्जे से 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया।

### कार की चोरी, आरोपी 24 घंटे के भीतर हुआ गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** थाना चांपा क्षेत्र में चखना दुकान के बाहर खड़ी करीब 6 लाख रुपये की ब्रेजा कार चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी गई कार भी बरामद कर ली है। प्रार्थी मिर्जा अफजल बेग ने 23 जून को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कुरदा शराब भट्टी के पास स्थित एक चखना दुकान की देखरेख करता है। इस मामले में पुलिस ने कार चोरी के आरोपी चण्डीपारा निवासी कन्हैया कश्यप का गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



■ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती का फैसला

मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती प्रशांत कुमार शिवहरे ने सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई 2025 को थाना डभरा के डायल-112 में पदस्थ आरक्षक रंजीत जांगड़े को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रेडा में एक महिला की उसके पुत्र द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना डभरा के उप निरीक्षक सी.पी. कंवर, सहायक उप निरीक्षक हरनारायण ताम्रकर एवं अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि मृतिका लक्ष्मीन बाई कुर्रे (45 वर्ष) की उसके पुत्र डमरुधर कुर्रे द्वारा ईंट से हमला कर हत्या कर दी गई थी। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि घटना के दिन आरोपी डमरुधर कुर्रे ने अपने मित्र संजय वारेन के साथ शराब का सेवन किया था। इसी दौरान उसने अपनी मां लक्ष्मीन बाई को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया, जिससे आक्रोशित होकर उसने सीमेंट की ईंट के टुकड़े से मृतिका के सिर एवं चेहरे पर कई बार वार किया। गंभीर चोटों के कारण लक्ष्मीन बाई की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी डमरुधर कुर्रे को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी डमरुधर कुर्रे को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के अंतर्गत हत्या का दोषी पाया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती प्रशांत कुमार शिवहरे ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का दंडादेश दिया गया है।

### जुआ खेलते पाए जाने पर आरक्षक को एसपी ने किया निलंबित

**सक्ती।** सक्ती पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक चालक बिना सूचना एवं अनुमति के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित था। अनुपस्थित अवधि में आरक्षक जिला कोरबा के चैकी रजगामार क्षेत्र में जुआ खेलने चला गया जुए की फड पर पुलिस चौकी रजगामार प्रभारी द्वारा रेड कार्यवाही की गई जिसमें अन्य जुआरियों के साथ आरक्षक मनोज कुमार सारथी पिता सुरजूराम सारथी उम्र 40 वर्ष निवासी जांजगीर पदस्थापना जिला सक्ती को मौके पर पकडे जाने पर धारा 3 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# अंधेरे में गुजर रही रातें, बिजली कटौती से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

■ व्यवस्था सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

मालखरौदा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। हल्की बारिश और तेज हवा चलते ही बिजली लाइन में फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। बीते दिनों से क्षेत्र के कई गांवों में रात भर बिजली गुल रहने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर जारी है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रात के समय बिजली बंद होने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण न केवल उनकी नींद प्रभावित हो रही है, बल्कि रोजमर्रा के कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार बरसात की शुरुआत होते ही विद्युत व्यवस्था की पोल खुलने लगी है। हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति देखने को मिलती है। बारिश या तेज हवा के बाद कई-कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहती है और कई बार पूरी रात अंधेरे में गुजरती है। सुबह के समय लोगों को पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए पानी तक नहीं मिल पाता, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी की व्यवस्था विद्युत मोटरों पर निर्भर है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद विद्युत व्यवस्था में स्थायी सुधार नहीं किया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि जर्जर तारों और उपकरणों की मरम्मत कर फाल्ट की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि बरसात के मौसम में बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र में जनआक्रोश बढ़ सकता है और लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल क्षेत्रवासी बिजली विभाग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। बरसात अभी आने को है और अभी से बिजली व्यवस्था ने रूलाना प्रारंभ कर दिया है।



# सड़क काटकर पाइप लाइन जोड़ने की तैयारी, अफसरों ने पहुंचकर रूकवाया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पेयजल आपूर्ति के लिए सड़क को काटकर पाईप लाइन जोडने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच मामले की सूचना मिलने पर अफसरों की टीम पहुंची। वहीं कार्य को तत्काल रूकवाया गया।

गौरतलब है कि नगर में एक ओर भीषण जल संकट से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं होने से नागरिकों में भारी नाराजगी है। इसी बीच वार्ड क्रमांक-1 पोंडी भाठा से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने नगर की पेयजल व्यवस्था और प्रशासन दोनों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-1 पोंडी भाठा में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा नगर पालिका की बिना अनुमति मुख्य पेयजल पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन जोड़ने का प्रयास किया जा रहा था। वार्ड क्रमांक-2 जयहिंद नगर में पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके बाद पाइप जोड़ने की तैयारी की जा रही थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मामला प्रशासन तक पहुंचा। एसडीएम एवं नगर पालिका सीएमओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजा, जहां चल रहे अवैध कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो मुख्य पाइपलाइन से अवैध जल दोहन शुरू हो सकता था। प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीर मानते हुए अकलतरा थाना प्रभारी को पत्र भेजकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



पाईप लाइन जोडने की हो रही थी तैयारी।

## एसडीएम समेत अन्य अफसरों को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# पालिका से बगौर अनुमति घनी आबादी के बीच खड़ा कर रहे टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पालिका से बगैर अनुमति लिए घनी आबादी के बीच मोबाइल टॉवर खड़ा किया जा रहा है। जिसके चलते लोगों में आक्रोश पनप रहा है। इस समस्या को लेकर लोगों ने एसडीएम समेत अफसरों को शिकायत का ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित ऑफिसर कॉलोनी में बिना नगर पालिका की अनुमति के घनी आबादी के बीच मोबाइल टावर स्थापित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। चारों ओर मकानों से घिरे आवासीय क्षेत्र में टावर खड़ा किए जाने से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मोहल्लेवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नगर पालिका परिषद सक्ती के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिना नगर पालिका की अनुमति और आवश्यक नियमों का पालन किए मोबाइल टावर का निर्माण कराया जा रहा है। दूरसंचार विभाग एवं स्थानीय नगरीय निकायों के नियमों के अनुसार मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए स्थानीय नगर निकाय की अनुमति स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफिकेट, वैध दस्तावेज और स्थानीय नागरिकों की आपत्तियों पर विचार करना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद वार्ड क्रमांक 15 में कथित रूप से इन नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नगर पालिका परिषद सक्ती के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नगर पालिका द्वारा उक्त मोबाइल टावर के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति या एनओसी जारी नहीं की गई है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद रिक्की सेवक का कहना है कि घनी आबादी के बीच बिना नगर पालिका की अनुमति एवं जनसहमति के टावर लगाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने और मामले की जांच कराने की मांग की है।



वार्ड नं. 15 में चल रहा मोबाइल टॉवर का काम।

### नहीं ली गई है अनुमति

नगर पालिका से कोई अनुमति या एनओसी जारी नहीं की गई है। यदि मोहल्लेवासियों एवं वार्ड पार्षद की आपत्ति है तो इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।

-प्रहलाद पांडे,
सीएमओ
नगर पालिका सक्ती

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA — DURG, CG

29 YEARS — Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

**ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है**
**पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक**

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनियों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
• BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) • B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

**प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता**



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

**Law**
- B.A. LLB • LLB
- B.Com LLB • LLM

**Engineering**
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE • Civil
- ET&T • Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

**Education**
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

**Public Health**
- MPH (Master of Public Health)

**Rural Studies**
- Bachelor (BRS) • Master (MRS)

**Physical Education**
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

**Social Work**
- Diploma (DSW) • Bachelor (BSW) • Master (MSW)

**Pharmacy**
- D. Pharma • B. Pharma
- M. Pharma

**Science**
- B.Sc (Hons)/M.Sc
  - Forensic Science • Chemistry • Maths
  - Computer Sceince • Physics • Zoology
  - Animation & Visual Effects • Botony
  - Microbiology • Biotechnology
  - Home Science • IT

**Arts/ Commerce & Management**
- BBA • MBA
  - Hospital Mgt. • Financial Mgt
  - Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A
  - Psychology • English • Sociology
  - Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
  - History • Geography • Political Science
- B.Com.(Hons) • M.Com
- B.Stat • M.Stat
- DCA • BCA • PGDCA

**Library Science**
- M.Lib • B.Lib • D.Lib

**Diploma Courses (1year)**
- Forensic Science • Digital Marketing
- Yoga Science • Nutrition & Dietetics
- Interior Design • Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**


**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस (ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान) में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतों के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान ...**

**''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''**

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

**PLACEMENT SELCTION 2026**



**TOP RECRUITERS**
WIPRO LTD. · ASHOK L bY LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS Ltd. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. · CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. · ULTRATECH CEMENT · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### नेशनल स्पोर्ट्स कराटे चैंपियनशिप में श्रेष्ठ द्विवेदी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**जांजगीर-चांपा।** रायपुर में एसडीसीआई नेशनल स्पोर्ट्स कराटे चैंपियनशिप 2026 का आयोजन हुआ, जिसमे श्रेष्ठ द्विवेदी प्रथम स्थान पर रहे। उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह केवल उनकी सफलता नहीं है, बल्कि उसके अथक प्रयास, कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन, सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। श्रेष्ठ द्विवेदी द्वारा पूर्व मे भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिले अपने प्रदेश का नाम रोशन किये हैं। श्रेष्ठ द्विवेदी मात्र 11 वर्ष की आयु मे कराते खेल के प्रति इनका समर्पण देखते हीं बनता हैं। आज की नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। खेल दिवस पर इन्हें पूर्व में उत्कृष्ट खिलाडी के रूप में पुरस्कृत भी किया जा चुका हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच वरुण पांडे एवं रुक्मणि रानू को दिया। श्रेष्ठ के पिता कहते हैं कि फादर्स डे पर उनका बेटा श्रेष्ठ द्विवेदी ने उन्हें स्वर्ण पदक का उपहार देने का वादा किया था, जिसे श्रेष्ठ ने पूरा किया। उनकी इस सफलता से उनके दादा शारदा शरण द्विवेदी, माता श्रीमती श्वेता शुक्ला व पिता अजय द्विवेदी गौरवान्वित हैं। श्रेष्ठ द्विवेदी की इस सफलता से केंद्रीय विद्यालय, जांजगीर के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण व स्कूल के विद्यार्थी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में आज शामिल होंगे पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल


**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम महंत में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 25 जून को किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू साथ ही ग्राम व क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शा.उ.मा.विद्यालय संकुल केन्द्र ग्राम महंत में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर संकुल केन्द्र के छात्र-छात्राऐ, शिक्षकगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। तदुपरांत पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल जांजगीर-नैला के वार्ड नं. 5 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे विशिष्टजनों से भेट करेंगे।

### सीएम ने जिले के नेटबॉल खिलाड़ी शैलेंद्र का रायपुर में किया सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर नया रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रतिभावान नेटबॉल खिलाड़ी शैलेंद्र कहरा का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। शैलेंद्र को नेशनल गेम्स में नेटबॉल खेल में कांस्य पदक प्राप्त करने की विशिष्ट उपलब्धि के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के राष्ट्रीय मेडल लिस्ट खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहिब, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव विक्रम सिसोदिया सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने जानकारी दी कि इस सम्मान समारोह में नेटबॉल खेल से दो खिलाड़ियों का चयन किया गया था। पुरुष वर्ग में जांजगीर-चांपा के शैलेंद्र कहरा और महिला वर्ग में रायपुर की पूजा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाली धमतरी की राष्ट्रीय कोच पूनम निषाद को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महासचिव राजेश राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के मंच पर खिलाड़ियों का सम्मान होना पूरे नेटबॉल संघ के लिए गर्व की बात है। शैलेंद्र की इस उपलब्धि ने न केवल खेल जगत में जिले का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हेड़सपुर में बच्चों व शिक्षकों ने किया योगाभ्यास



**पामगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हेड़सपुर में 12 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कराया गया। योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना, सुक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम के बाद संकल्प के बाद शांति पाठ से समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक श्रीमती निर्मला देवी कौशिक,संत राम जोशी, श्रीमती अर्चना जोशी, गोपीराम कश्यप, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती रुक्मिणी साहू, श्रीमती लता साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की सहभागिता से आवास योजना के वास्तविक हितग्राहियों का होगा चयन

# ग्राम सभाओं में पीएम आवास प्लस 2.0 सूची का वाचन, 12 मापदंडों पर सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) का सार्वजनिक वाचन किया गया तथा शासन द्वारा निर्धारित 12 निष्कासन मापदंडों के आधार पर परिवारों का सत्यापन किया गया।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में बुधवार 24 जून को आयोजित ग्राम सभा में पक्के मकान, मोटर चालित वाहन, सरकारी नौकरी, आयकरदाता, व्यावसायिक करदाता, अधिक कृषि भूमि धारक तथा अन्य निर्धारित मापदंडों के आधार पर सूचीबद्ध परिवारों की पात्रता का परीक्षण किया गया। ग्रामीणों को सूची की जानकारी देते हुए संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया। प्राप्त दावा-आपत्तियों के परीक्षण उपरांत ग्राम सभा के अनुमोदन से पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी तथा नियमानुसार आवास सॉफ्ट में अपलोड की जाएगी।



ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि।

ग्राम सभाओं में पूर्व बैठकों में पारित प्रस्तावों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय-व्यय, विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति तथा पंचायत उन्नति सूचकांक के परिणामों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान विकसित भारत जीरामजी की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों एवं प्रावधानों से अवगत कराया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर ग्राम विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव दिए।

### आदर्श ग्राम गोधना में समस्याओं के समाधान को लेकर बने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में बुधवार 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच अजय साहू ने की। इस दौरान पंचायत सचिव रामस्वरूप साहू, पटवारी अमृतलाल साहू, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम सभा में गांव की विभिन्न मूलभूत समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। ग्राम सभा में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास 2.0) के तहत पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया गया। सरपंच अजय साहू ने कहा कि गांव के सभी पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।इसके बाद गांव की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध बेजाकब्जे का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विभिन्न स्थानों पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में ग्राम सभा में अवैध कब्जा हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया और प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब को लेकर भी ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की मांग की और आवश्यकता पड़ने पर थाना घेराव करने की बात कही। इस पर सरपंच अजय साहू ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि यदि अवैध शराब बिक्री पर रोक नहीं लगी तो आगामी दिनों में नवागढ़ थाना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।बैठक में गांव में कोटवार नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में गांव की पेयजल एवं बिजली व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई।





सड़क पर भरा पानी।

## राज्य मार्ग में पानी भरने से राहगीरों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अधिकारियों की उदासीनता और उदासीनता के चलते जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में राज्य मार्ग के ऊपर में पहली बरसात के पानी भरने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- मरम्मत को लेकर अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में राज्य मार्ग में पहली बरसात के पानी भरने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अधिकारी और कर्मचारी के लापरवाही उजागर हो रही है। इस मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा हो गया है। उसके बावजूद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। इस राज्य मार्ग में ग्राम बसंतपुर में गड्ढों में पानी भरने से स्थानीय लोगों के अलावा आने जाने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने जिले के मुखिया कलेक्टर से इस राज्य मार्ग में मरम्मत करवाने की मांग किए हैं।

## जापान में देश का प्रतिनिधित्व करेगा नुवोको स्कूल का छात्र सैयद कशफ

**मुलमुला।** नुवोको पब्लिक स्कूल, गोपालनगर के कक्षा 10वीं के छात्र सैयद कशफ़ अली का चयन जापान सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित साकुरा साइंस एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए हुआ है। वे 27 जून से 4 जुलाई तक जापान में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ से केवल 5 तथा पूरे देश से 56 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कशफ़ ने अपने अभिनव विज्ञान प्रोजेक्ट रीह्यूम जेन के माध्यम से यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना में एयर कंडीशनर से निकलने वाले पानी और हवा का उपयोग कर ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण का अभिनव समाधान प्रस्तुत किया गया है। कशफ़ की सफलता की यात्रा इंस्पायर अवॉर्ड-मानक से प्रारंभ हुई। उन्होंने पहले जिला स्तर, फिर राज्य स्तर, उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अंततः अंतरराष्ट्रीय



स्तर पर जापान में आयोजित होने वाले विज्ञान कार्यक्रम के लिए चयनित हुए। कशफ़ की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में रविंद्र धारकर अध्यक्ष गोपाल नगर शिक्षण समिति एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नुवोको सीमेंट प्लांट, अभिषेक त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह एवं अर्चना धारकर, गीतांजलि त्रिपाठी, अर्पिता सिंह, सुमंतो विश्वास, दिलराज विश्वास, फरहत अली एवं सैयद कसीम अली उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम आर्य बल कल्याण समिति बिर्रा के व्यवस्थापक देव प्रसाद तिवारी मां भारती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सुप्रिया शुक्ला ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय जीवन शैली और विज्ञान है, जो शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को जोड़ता है। वरिष्ठ आचार्य हिरदैदास मानिकपुरी और मनोज कश्यप ने ताड़ासन, वृक्षासन,तिष्ट योग, कपालभाति, अनुलोम विलोम तथा योग प्राणायाम करवाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक मामले पर कांग्रेसियों ने केंद्र बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा विश्राम गृह सक्ती में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

बैठक में जिला महामंत्री गिरधर जायसवाल, जिला महामंत्री पिन्टू ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि ऋषि राय, जनपद पंचायत सक्ती उपाध्यक्ष वंशी जांगड़े, नगर कॉग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, जनपद सदस्य ज्ञानिक खड़े विशेष रुप से उपस्थित थे। उन्होंने पूरे देश मे हुए पेपर लीक मामले को लेकर केन्द्र सरकार पर हमला बोला । उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पूरे देश के छात्रों जहां कोटा राजस्थान में



बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी।

कोचिंग के लिए जाते है। काग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी देश के एकमात्र ऐसे नेता है जो राजनीति से उपर उठकर देश के युवाओं बेरोजगारों महिलाओं की समस्याओं को समझते है। कांग्रेसियों ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में जहां बच्चे दिन रात एक करके तैयारी करते है ऐसे संवेदनशील परीक्षा में धांधली से योग्य व्यक्ति आहत है। बच्चे अपने सुनहरे भविष्य का सपना देखते हैं और उसकी तैयारी करते है। सरकार ऐसे मामलों में भी पारदर्शिता नहीं बरतती, जिससे परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने निरंतर कर रही कार्य

**अकलतरा।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी, संकुल केंद्र बरगवां में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यालता मिरी, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती परमेश्वरी कंवर, सरपंच श्रीमती फूलबाई नायक, उपसरपंच बालचंद क्षत्रिय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्नमाला सिंह तथा बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**खास बात**

- विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत

स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा सभी पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यालता मिरी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैक्षिक समन्वयक अम्बरीश सिंह बैस एवं आभार प्रदर्शन संकुल प्रभारी श्रीमती करुणा शांडिल्य एवं प्रधान पाठक गोविंद देवांगन ने किया। इस अवसर पर देव सिंह अघरिया, बसंत कंवर, प्रकाश कामले, प्रहलाद यादव, बूंद राम, जितेंद्र नायक, श्रीमती सुलोचना सिंह, राजीव साहू, प्रमोद कौशल, सतीश पटेल, सुरेश कंवर, कदंबिनी साहू, विजयलक्ष्मी सिंह, रूपेश सिंह, श्याम साहू, राजेश्वर रात्रे, सुनीता सिंह, राजकुमारी मार्बल, सुमन दुबे, कुंती कंवर, दुर्गेश सिंह चंदेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## सड़क निर्माण नहीं होने पर भूख हड़ताल की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद के नागरिकों ने पामगढ़ से ससहा लाहौद बलौदा बाजार रायपुर को जोड़ने वाली सड़क नव निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए है। दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं इस मार्ग पर भारी-भरकम वाहन लगातार चल रहे है, जिससे सड़क की हालत और भी खराब हो गई है। धूल और कीचड़ के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इन सभी समस्या को ध्यान में रखते हुए बुधवार 24 मई को ग्राम वासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए 29 जून से लीला मंडली चौंक डोंगाकोहारौद में शांति पुर्ण ढंग से भूख हड़ताल (आमरण अनशन एवं धरना प्रदर्शन ) अनिश्चित कालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन या कार्य प्रारंभ नहीं हो जाता आंदोलन जारी रहेगा।

### भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने पत्रकारों से की चर्चा

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार 24 जून को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित केंद्रीय सहकारी बैंक बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने वर्ष 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा कूटराघात बताया।

श्री सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लागू किया गया, जिसने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास पर एक काला धब्बा लगा दिया। आपातकाल के दौरान संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई, न्यायपालिका की स्वतंत्रता को प्रभावित



पत्रकारों से चर्चा करते केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह।

करने का प्रयास किया गया तथा विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं को बिना किसी अपराध के जेलों में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया गया। देशभर में भय और दमन का वातावरण बनाया गया, लाखों नागरिकों की स्वतंत्रता प्रभावित हुई तथा सरकार की आलोचना करना भी अपराध जैसा माना जाने लगा। अनेक समाचार पत्रों को प्रकाशित होने से रोका गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए। श्री सिंह ने कहा कि जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी सहित अनेक लोकतंत्र सेनानियों ने जेलों में रहते हुए भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनके त्याग और बलिदान के कारण ही देश में पुनः लोकतंत्र की बहाली संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर किया गया संगठित हमला था, जिससे देश को सीख लेते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में आपातकाल के विरोध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई से अवगत करा रही है, ताकि लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों के महत्व को समझा जा सके। लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक रहना आवश्यक है। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, इंजी रवि पांडेय, जिला महामंत्री नंद चौधरी, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, प्रदीप शराफ, जिला मीडिया प्रभारी राकेश रूपवानी तथा पुष्पेंद्र निर्मलकर उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, दो स्थानों से शराब जब्त

**अकलतरा।** अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने अकलतरा क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए 15 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून को आबकारी वृत्त अकलतरा की टीम ने ग्राम पीपरसत्ती में दबिश देकर मीना बाई कुर्रे (52 वर्ष) के रिहायशी मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मकान से 8 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। इसी प्रकार आबकारी विभाग ने ग्राम अमरताल में भी कार्रवाई करते हुए आरोपी दिलहरण डहरिया (28 वर्ष) के मकान से 7.20 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के



तहत प्रकरण कायम कर वैधानिक कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक यीवरेश कुमार, मुख्य आरक्षक मुकेश शर्मा, विमल सनाढ्य तथा आरक्षक गीता कमल एवं अंशु पाटनवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।